RAF SECTOR

NEWS CLIP

06/07/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Meerut, (UP)

रेलवे सुरक्षा बल के जवान लेंगे भीड़ नियंत्रण की ट्रेनिंग

मेरठ। संवाददाता। वेदव्यासपुरी स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में रेलवे सुरक्षा बल के 182 कार्मिकों का भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ। इस कोर्स का शुभारंभ रैपो मेरठ के पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अत्यंत उपयोगी है। इस अवसर पर कमांडेंट रेलवे सुरक्षा बल बीके राम, उप कमाडेंट हरीश चंद्र सिंह नेगी, उप कमाडेंट नीरज कुमार झा, उप कमांडेंट गोविंद सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट अजीत कुमार, सहायक कमांडेंट वंशराज सरोज आदि मौजूद रहे।

कई ट्रेनिंग से होंगे रूबरू: प्रशिक्षणार्थियों को भीड़ नियंत्रण, भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, पुलिस पब्लिक व्यवहार, सांप्रदायिक सदभाव, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहन जैसे वज्र एवं वरुण आदि से परिचय, दंगा विरोधी ड्रिल, मानवाधिकार के साथ दंगा नियंत्रण के दौरान अपनाई जाने वाली तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश सिंह।

- मेरठ में सोमवार से शुरू हुई पहले बैच की ट्रेनिंग
- देश भर से ट्रेनिंग के लिए चुने गए जवान

रेलवे के विभिन्न जोन से चिह्नित किए जवान

रेलवे द्वारा पूरे देश से रेलवे के विभिन्न जोन एवं डिवीजन से कार्मिकों को चयनित किया गया है। इनमें दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, तिनसुकिया, हावड़ा, हैदराबाद, गोरखपुर, गुवाहाटी, कोलकाता, जयपुर, भुवनेश्वर, विशाखापट्टनम एवं मुंबई आदि प्रमुख हैं।

Rajasthan Darshan, Amer, (RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन नें किया पर्यावरण की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण

राजस्थान दर्शन

आमेर। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेण्ट के नेतृत्व में नये अधिग्रहीत कैम्प खोराश्यामदास में अधिकारियों तथा जवानों के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान सरकार के द्वारा 83 वाहिनी द्रुत कार्य बल को नया कैम्प स्थापित करने हेतु खोराश्यामदास में भुमि आवटिंत किया गया है, जिसको कि हरा-भरा करने तथा पर्यावरण की शुद्धता के लिए लगभग 500 गुलमोहर, नीम, जामुन, बेलपत्र इत्यादि के गुणकारी एवं छांयादार पेड लगाये गये। कार्यक्रम के दौरान प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेण्ट ने अवगत करवाया कि जो लोग प्रकृति के नजदीक रहते है। प्रकृति उन्हे स्वयं संरक्षित करती है एवं प्रकृति के सौन्दर्यकरण के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है। साथ ही लगाये गये वृक्षों की देखरेख सुरक्षा एवं समय समय पर जलापूर्ती करने के लिए जवानों को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेण्ट व अन्य राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

Dainik Jagran, Jamshedpur, (JKD)

रैफ के अधिकारियों ने किया पौधरोपण

रैफ कैंप परिसर में पौधरोपण करते अधिकारी व जवान • जागरण

जासं, जमशेदपुर : सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन ने गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार पौधरोपण अभियान चलाया। सोमवार को 106 बटालियन कैंप परिसर में शैलेंद्र कुमार एवं अनुज कुमार सिन्हा द्वितीय कमांडेंट समेत अन्य अधिकारी तथा कार्मिकों के द्वारा पौधारोपण किया गया। अभियान के संदर्भ में शैलेंद्र कुमार ने कहा कि हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सिर्फ पौधे ही नहीं लगाना है बल्कि उसकी सुरक्षा भी करने का दायित्व लेना होगा। जिससे एक तरुण पौधा विकसित होकर एक वृक्ष का रूप ले सके और आने वाले पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

TREE PLANTATION PROGRAM 83BN RAF KHORASAYAMDAS, JAIPUR (RAJASTHAN)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।